# THE HINDU

# MONTHLY HINDU REVIEW

# APRIL 2017

bankersadda.com A Unit of Adda247 | sscadda.com A Unit of Adda247 | Adda 247 Govt Job in Your Pocket!


# E-LEARNING KIT
for Government Exams

Adda 247

From the oldest and most trusted name in Exam Preparation which gave us Career Power, Bankersadda, Sscadda, here is the latest offering an E-learning kit that is tailor-made for the Govt. Job aspirants of digital India. Various banking and SSC exams are conducted online with regular changes to exam pattern and level of questions. We understand the changing needs of the students and have devised a unique solution, making preparation easy, cost-effective and efficient.

The E-learning Kits for banking and SSC consist of complete study material for exams that is pre-loaded on an SD card. We offer Bank Power / SSC Power E-learning Kit in two variants: [Android Tab + SD-Card] or [SD Card only]. The SD Card can be run on your personal android device as well. The E-learning Kit will run on the Adda247 mobile app, the number one App for Bank and SSC exam preparation.

## What you get?




- Video Lectures covering all concepts
- Comprehensive Online Mock Tests
- Topic-wise E-books with assignments
- Analysis and All India Ranking
- Course Plan to track progress
- Doubt Clearing by expert faculty

## Available Courses

**BANK POWER**
E-learning Kit for All Bank Exams

**SSC POWER**
E-learning Kit for All SSC Exams

E-Learning Kit is available in:
- 32 GB Micro SD Card
- Android Tablet (SD Card included)

**To Purchase visit : elearning.adda247.com**

For any query : Call us at +91-87508 44441 • Email us at elearning@adda247.com

# THE HINDU REVIEW: APRIL 2017

- विभिन्न सेवाओं और सूचनाओं तक पहुंच प्रदान करने और नागरिकों को ट्रैफिक उल्लंघन या सड़क दुर्घटना की रिपोर्ट करने में सक्षम बनाने के लिए सरकार ने दो मोबाइल ऐप, ई-चालान और एम परिवहन लॉन्च की.
- मलेशियाई प्रधान मंत्री नजीब तुन रजाक 6 दिवसीय भारत दौरे पर आये. यह वर्ष दोनों देशों के औपचारिक राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ का प्रतीक है.
- जापान, भारत में समर्पित फ्रेट कॉरिडोर सहित विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 2016-17 में 371.345 अरब येन (करीब 21,590 करोड़) की 'आधिकारिक विकास सहायता' (ओडीए) देगा.
- मध्य प्रदेश स्थित कान्हा बाघ अभ्यारण्य, आधिकारिक तौर पर अपना खुद का एक शुभंकर 'भूरसिंह द बारहसिंगा' प्रस्तुत करने वाला भारत का पहला बाघ अभ्यारण्य बन गया है.
- देश के केंद्रीय बैंक आरबीआई ने 01 अप्रैल 2017 को अपना 82वां स्थापना दिवस मनाया.
- भारतीय सेना ने आईआईटी-एम के साथ एक समझौता ज्ञापन साइन किया है.
- वनाजा एन सरना को केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीईसी) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. उन्होंने नजीब शाह का स्थान लिया है.
- 1 अप्रैल 2017 से, एसबीआई के सहायक बैंकों का एसबीआई में अधिकारिक तौर विलय हो गया. इसके साथ ही एसबीआई ने अपने लोगो को भी नया रूप दिया है.
- एक्सिस बैंक ने वेल्स फारगो (संपत्ति के मामले में तीसरा सबसे बड़ा अमेरिकी बैंक) के साथ गठबंधन किया है ताकि भारतीय डायस्पोरा को अपने रिश्तेदारों को वास्तविक समय में धन प्रेषित करने का अवसर मिले.
- कोटक महिंद्रा बैंक ने अपना ग्राहक आधार दोगुना करने के लिए '811 बैंकिंग ऐप' लॉन्च की है
- रेल मंत्री सुरेश प्रभु ने बिबेक देबराय (सदस्य, नीति आयोग), संजय चड्ढा (संयुक्त सचिव, वाणिज्य मंत्रालय) और विद्या कृष्णमूर्ति द्वारा संयुक्त रूप से लिखित 'इंडियन रेलवे- द वीविंग ऑफ नैशनल टेपेस्ट्री' नामक पुस्तक जारी की.
- अमेरिकी गायक और गीतकार बॉब डिलेन ने ऑस्कर पुरस्कार समारोह के तीन महीने बाद, साहित्य के लिए नोबल पुरस्कार स्वीकार कर लिया है.
- ब्रिक्स-समर्थित न्यू डेवेलपमेंट बैंक (एनडीबी) ने अपने शुरुआत के लगभग दो वर्षों में 1.5 अरब डॉलर की सात परियोजनाओं में निवेश किया है.
- केन्या की जॉज़िलिन जेपकोसेगी ने परागुए हाफ मैराथन में हाफ मैराथन रिकॉर्ड और साथ ही 10 किमी और 15 किमी के रिकॉर्ड को अपने नाम करते हुए, चार मिनट और 52 सेकंड में आईएएएफ गोल्ड लेबल रोड रेस जीता.
- 2 अप्रैल 2017 को विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस मनाया जाएगा जिसकी थीम "Toward Autonomy and Self-Determination" है.
- न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) की दूसरी वार्षिक बैठक नई दिल्ली में हुई.
- भारत ने मध्य प्रदेश में मेजर जिला सड़कों के विकास और उन्नयन के वित्तपोषण के लिए एनडीबी के साथ 350 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं.
- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एशिया की सबसे लंबी, 9.2 किमी लंबी चेनानी-नैशारी सड़क सुरंग का उद्घाटन किया.

India's Most Preferred Test Series
CAREER POWER
AN IIT/IIM ALUMNI COMPANY
SBI PO PRE
Memory Based Package
Based on 29th and 30th April Paper
3 Mocks + 1 Free Mock
Bilingual
To Attempt A Free Mock
Price : ₹99/-
Visit: store.adda247.com

- 19वां राष्ट्रमंडल वानिकी सम्मेलन (सीएफसी) 2017 देहरादून, उत्तराखंड में हुआ. 5 दिवसीय सम्मेलन की थीम 'समृद्धि और भावी पीढ़ी के लिए वन' है.
- केंद्र सरकार ने देश में 45 स्थानों पर एक साथ पावरटेक्स इंडिया लॉन्च किया.
- मध्यप्रदेश सरकार ने विभिन्न नगरपालिका सेवाओं को ऑनलाइन उपलब्ध कराने के लिए 'एमपी ई-नगरपालिका' ऐप लॉन्च किया
- मिजोरम, उज्जवल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (उदय) में शामिल होने वाला 27वां राज्य बन गया है.
- मलेशियाई प्रधान मंत्री नजीब रजाक की 6 दिवसीय भारत यात्रा के दौरान भारत-मलेशिया ने सात समझौतों पर हस्ताक्षर किये.
- एचआरडी मंत्रालय द्वारा घोषित देश की आधिकारिक उच्च शिक्षा रैंकिंग में बेंगलुरु की IISc और दिल्ली का मिरांडा हाउस क्रमशः विश्वविद्यालय और कॉलेज श्रेणी में शीर्ष पर है.
- जीएसटी शासन के तहत 5 करोड़ रुपये से अधिक की कर चोरी एक गैर-जमानती अपराध होगा और पुलिस को बिना गिरफ्तारी वारंट के गिरफ्तारी का अधिकार होगा.
- 1983 के आईएफएस अधिकारी राजीव कुमार चंदर को जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र के कार्यालयों में भारत का राजदूत और स्थायी प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है.
- दिल्ली उच्च न्यायालय की जज न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी को मद्रास उच्च न्यायालय का नया मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है. वह संजय किशन कौशल का स्थान लेंगी वो मद्रास उच्च न्यायालय की अगुवाई करने वाली दूसरी महिला बन गई हैं.
- 1998 बैच के आईएफएस अधिकारी विपुल ने दुबई के कॉन्सल जनरल का कार्यभार संभाला.
- ओलंपिक रजत पदक विजेता पी.वी. सिंधू ने नई दिल्ली में 47 मिनट में केरोलिना मारिन को हराकर 2017 इंडिया ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप जीता.
- रोजर फेडरर (स्विटज़रलैंड) ने राफेल नडाल (स्पेन) को हराकर मियामी ओपन 2017 एकल खिताब जीता.
- केंद्र सरकार ने बिजली (और हाइब्रिड) वाहनों और उनके घटकों के इलेक्ट्रिक गतिशीलता और निर्माण को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय इलेक्ट्रिक मोबिलिटी बोर्ड (एनबीईएम) का गठन किया है.
- फीनिक्स इंडिया रिसर्च एंड डेवलपमेंट ग्रुप ने कोलकाता में पहली जैव गैस वाली बस की शुरुआत की, जिसका किराया मात्र 1 रुपये रखा गया है.
- टैक्सी एग्रीगेटर ओला ने एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (यूपीआई) के साथ करार किया.
- फीफा ने ग्वाटेमाला के पूर्व फुटबॉल प्रमुख ब्रायन जिमेनेज को आजीवन प्रतिबंधित किया
- वाडा की 2015 में प्रकाशित डोपिंग उल्लंघन रिपोर्ट में भारत लगातार तीसरे साल तीसरे स्थान पर है.

- जयपुर घराने से संबंधित हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायिका किशोरी आमोनकर का 84 वर्ष की उम्र में निधन हो गया.
- दक्षिण एशिया उपमहाद्वीपीय आर्थिक सहयोग (SASEC) के वित्त मंत्रियों की बैठक नई दिल्ली में आयोजित हुई.
- प्रसार भारती के सहयोग से कम्युनिकेटिंग इंडिया पर राष्ट्रीय सम्मेलन नई दिल्ली में हुआ.
- झारग्राम, पश्चिम बंगाल का 22वां जिला बना.
- पूर्वोत्तर के लिए 40 हजार करोड़ रु के पहले एक्सप्रेस-वे परियोजना की घोषणा हुई.
- BS-III बैन के बाद सरकार ने BS-IV ग्रेड फ्यूल लांच किया.
- आईसीआईसीआई, एक्सिस बैंक ने बल्लारपुर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के 1800 करोड़ रुपये का ऋण, एडलवाइस एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कंपनी को बेच दिया.
- 1982 बैच की आईपीएस अधिकारी गीता जोहरी गुजरात की पहली महिला महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त हुई.
- अमेज़न.इन ने नए विक्रेताओं के लिए ट्रेनिंग कार्यक्रम 'Classroom' शुरू किया
- 1 महीने चलने वाला दक्षिण ओड़िशा का सबसे बड़ा उत्सव, बरहामपुर ठाकुरनी यात्रा उत्सव शुरू हुआ.
- क्रिकेटर धोनी 1 दिन के लिए गल्फ आयल के सीईओ बने.
- वित्त वर्ष 2017-18 की अपनी पहली मौद्रिक नीति समीक्षा में आरबीआई ने तरलता समायोजन सुविधा (LAF) के अंतर्गत रेपो दर को 6.25% पर अपरिवर्तित रखा है. LAF के अंतर्गत रिवर्स रिपो रेट को 5.75% से बढ़ाकर 6% कर दिया गया है. सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) दर और बैंक दर को 6.75% से कमकर 6.50% कर दिया गया है. नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) को 4% पर अपरिवर्तित रखा गया है और वैधानिक तरलता अनुपात (एसएलआर) भी 20.50% पर अपरिवर्तित रखा गया है.
- पीएम मोदी ने झारखंड के साहेबगंज में गंगा नदी पर एक बहु-मोडल टर्मिनल की आधारशिला रखी.
- हरियाणा सरकार 'आपकी बेटी, हमारी बेटी' योजना के अंतर्गत तीसरी लड़की के लिए परिवारों को 21 हजार रु देगी.
- आदित्य बिड़ला आइडिया पेमेंट्स बैंक लिमिटेड, को आरबीआई अंतिम लाइसेंस मिल गयी है.
- आईडीबीआई बैंक ने रीटेल टर्म डिपॉजिट (आरटीडी) पर, 50 से लेकर 75 आधार अंकों तक ब्याज दरों को घटा दिया है.
- भारत और ब्रिटेन, स्वच्छ ऊर्जा के लिए 240 मिलियन पाउंड का फंड बनायेंगे.
- विश्व यात्रा और पर्यटन परिषद (WTTC) 2016 की रिपोर्ट के अनुसार, देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कुल योगदान के मामले में भारत का यात्रा और पर्यटन क्षेत्र दुनिया में 7 वें स्थान पर है.
- ADB ने पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ़ इंडिया को 175 मिलियन डॉलर का ऋण दिया
- क्वाटर्रो ग्लोबल सर्विसेज के एमडी रमन रॉय नासकॉम के नए चेयरमैन नियुक्त हुए.
- रैंडस्टेड सर्वेक्षण, 2017 के अनुसार, FMCG उद्योग भारत में सर्वाधिक भुगतान देने वाला उद्योग बना.
- NTPC ने संजीव किशोर को कर्नाटक स्थित कुदगी सुपर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट का ग्रुप जनरल मेनेजर नियुक्त किया है.
- विराट कोहली 2016 के लिए विजडन के लीडिंग क्रिकेटर नामित हुए हैं.
- WHO की स्थापना की वर्षगांठ पर प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है. 2017 में इसका थीम (विषय) 'अवसाद: चलो बात करें' है.

- वेंकैया नायडू ने आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम में 3 दिवसीय राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव का उद्घाटन किया.
- भारत और इजराइल ने 2 अरब डॉलर के रक्षा सौदे पर हस्ताक्षर किए.
- RBL बैंक ने गुजरात इंटरनैशनल फाइनेंस टेक-सिटी में अपना IFSC बैंकिंग यूनिट खोला.
- NEFT ट्रांसफर में तेजी के लिए आरबीआई ने क्लीयरेंस टाइम घटाया
- भीमाराय मैत्री ने आईआईएम त्रिची के निदेशक का पदभार संभाला. उन्होंने प्रफुल्ल अग्निहोत्री का स्थान लिया है.
- तमिलनाडु में नियुक्त 25 वर्षीय के. प्रिथिका यशिनी, भारत में पुलिसकर्मी बनने वाले पहले ट्रांसजेंडर व्यक्ति बने
- फेसबुक ने अमेरिका में मैसेंजर एप्लिकेशन उपयोगकर्ताओं के लिए 'एम' डिजिटल हेल्प एप लांच किया.
- बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) की रैंकिंग में पी वी सिंधु अपने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग दुनिया की नंबर दो पर पहुंची.
- आयुष मंत्री श्रीपाद नाइक ने 10 अप्रैल 2017 को विश्व होम्योपैथी दिवस पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया.
- राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन ने नमामि गंगे के अंतर्गत 2100 करोड़ रु की 26 परियोजनाओं को मंजूरी दी.
- नवाचार और अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए भारत-रूस ने संयुक्त घोषणा पर हस्ताक्षर किए.
- भारत-ऑस्ट्रेलिया ने आतंकवाद सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छह समझौतों पर हस्ताक्षर किए.
- मध्य प्रदेश में दीनदयाल रसोई योजना का शुभारंभ हुआ जिससे वंचित वर्ग को 5 रुपये प्रति थाली पर भोजन उपलब्ध होगा.
- राजनाथ सिंह ने अक्षय कुमार के पोर्टल 'भारत के वीर' का उद्घाटन किया.
- उत्तर प्रदेश के बरेली में वन्य जीवन के लिए उत्तर भारत का पहला डीएनए बैंक बनेगा.
- आरबीआई ने बैंकों को REITs & InvITs में निवेश की अनुमति दी
- स्मिता संधाने को सारस्वत बैंक का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया. वह भारत के सबसे बड़े शहरी सहकारी बैंक की पहली महिला प्रमुख हैं.
- इंग्लैंड के बर्मिंघम में एक कार्यक्रम में भारतीय मूल की आशा खेमका को 'एशियाई बिजनेसवूमन ऑफ द ईयर' नामित किया गया.
- भारतीय पेटेंट कार्यालय सर्वेक्षण के मुताबिक, सैमसंग आर एंड डी इंस्टीट्यूट इंडिया ने 2015-16 में आईटी सेक्टर में अधिकतम संख्या में पेटेंट आवेदन किये. इसके बाद घरेलू उत्पादित टीसीएस और विप्रो हैं.




- फ्लिप्कार्ट ने eBay इंडिया को ख़रीदा.

- इंडो-मंगोलियाई संयुक्त सैन्य अभ्यास का 12वां संस्करण नोमैडिक एलीफैंट 2017 मिजोरम में शुरू हुआ.
- कृषि संपत्तियों के जियो-टैग के लिए इसरो एवं कृषि मंत्रालय का करार हुआ.
- हैमिल्टन ने वेट्टेल को हराकर पांचवां चीनी ग्रैंड प्रिक्स जीता.
- पीएम मोदी ने चंपारण सत्याग्रह के 100 वर्ष होने पर नई दिल्ली में "स्वच्छाग्रह-बापू को कर्यांजलि-एक अभियान, एक प्रदर्शनी" का शुभारंभ किया.
- केंद्र ने मनरेगा के तहत राज्यों को लगभग 23,443 करोड़ रुपये जारी किये.
- भारतीय सर्वेक्षण जनरल (एसओआई) ने 250 वर्ष पूरे किये. इस अवसर पर सरकार ने एक समर्पित वेबसाइट 'नक़्शे मैपिंग पोर्टल' की शुरुआत की.
- राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी ने पहले NIMCARE विश्व स्वास्थ्य दिवस शिखर सम्मेलन 2017 का उद्घाटन किया
- नई दिल्ली में अंतर्राज्यीय परिषद् की 11वीं स्थायी समिति की बैठक आयोजित हुई.
- मालविका सिन्हा आरबीआई की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त हुई.
- आईसीआईसीआई समूह कंपनियों के साथ फिनो पेटेक का समझौता हुआ.
- वरिष्ठ नौकरशाह अजीत कुमार श्रीवास्तव और शबरी भट्टसाली को आयकर विभाग के सर्वोच्च नीति निकाय केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) का सदस्य नियुक्त किया गया है.
- मुक्ता दत्ता तोमर, संघीय गणराज्य जर्मनी में भारत की राजदूत नियुक्त हुई हैं.
- संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थी एजेंसी यूएनएचसीआर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित अभिनेत्री और परोपकारी क्रिस्टिन डेविस को अपना गुडविल एम्बेसडर नियुक्त किया है.
- केंद्रीय हिंदी संस्थान ने प्रतिष्ठित हिंदी सेवा सम्मान पुरस्कारों की घोषणा की. हिंदी पत्रकारिता के लिए गणेश शंकर विद्यार्थी पुरस्कार राहुल देव और बलदेव भाई शर्मा को दिया जाएगा.
- सरकार ने उड़ान योजना की निगरानी के लिए एक 'अंतर-मंत्रिस्तरीय समिति' गठित की है.
- सरकार ने केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं की संख्या 66 से घटाकर 28 बड़ी योजनाओं तक सीमित कर दी है.
- नई दिल्ली में थिस्पिस (Thespis) नामक भारत का पहला लघु-नाटक महोत्सव का आयोजन किया गया.
- ईएसएएफ़ लघु वित्त बैंक ने केरल के त्रिचूर में 'हृदय जमा योजना' नामक एक सामाजिक जमा योजना शुरू की.
- भारत में 5जी इंटरनेट स्पीड के लिए नोकिया, एयरटेल &बीएसएनएल ने साझेदारी की घोषणा की.
- सबसे कम उम्र की नोबेल विजेता मलाला यूसुफजई, कनाडाई संसद को संबोधित करने वाली पहले नोबेल पुरस्कार विजेता बन गयी हैं.
- कोल्सन व्हाइटहेड ने अपने उपन्यास "दि अंडरग्राउंड रेलरोड" के लिए कल्पना श्रेणी में पुलित्जर पुरस्कार जीता.
- पीएम मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन लिखित पुस्तक 'मातोश्री' का लोकार्पण किया.
- आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (CCEA) ने 11 केंद्रीय सार्वजानिक क्षेत्र के उद्योगों (सीपीएसई) को स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध करने के लिए अपनी मंजूरी दी.
- पीएम मोदी इंस्टाग्राम पर सर्वाधिक फोलो किये जाने वाले वैश्विक नेता बने.
- वर्चुअल मुद्रा के संबंध में मौजूदा फ्रेमवर्क की जांच करने के लिए सरकार ने अंतर-अनुशासनात्मक समिति गठित

की. समिति की अध्यक्षता आर्थिक मामलों के विशेष सचिव श्रीकांतकांत दास करेंगे.

- भारत, ऑस्ट्रेलिया ने खेल साझेदारी पर हस्ताक्षर किये.
- विश्व बैंक ने वाराणसी और हल्दिया बंदरगाह के बीच गंगा नदी पर 1360 किमी-लम्बाई वाले भारत के पहले अंतर्देशीय जल परिवहन फेयरवे राष्ट्रीय जलमार्ग 1 (NW 1) परियोजना के लिए $375 मिलियन के ऋण को मंजूरी दी.
- महाबलेश्वर माविनाकुडी सुब्रमण्य, कर्नाटक बैंक लिमिटेड के नया एमडी और सीईओ नियुक्त किये गए हैं.
- पश्चिम बंगाल स्थित हल्दिया बंदरगाह पहली बार बनाई गई स्वच्छ बंदरगाहों की सूची में स्वच्छता पैरामीटर पर सूची में सबसे ऊपर है.
- 14 अप्रैल 2017 को डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 126वीं जयंती मनाई गई. इस अवसर पर पीएम मोदी ने नागपुर में व्यापारियों के लिए भीम आधार प्लेटफार्म, भीम के लिए कैशबैक और रेफरल बोनस योजनाएँ और करीब 75 टाउनशिप को कैश-लेस घोषित करने की योजना शुरू की.
- रेलवे को अपग्रेड करने के लिए फ्रांस, भारत ने संधि पर हस्ताक्षर किया.
- हरियाणा सरकार ने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'ऑपरेशन दुर्गा' शुरूआत किया.
- झारखंड पुलिस ने झारखंड के पलामू जिले में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बच्चों को प्रबुद्ध करने के लिए 'तारे ज़मीन पर' कार्यक्रम शुरू किया.
- कैशलेस लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए डाक विभाग और एसबीआई ने हाथ मिलाया.
- करदाताओं के लाभ के लिए बेंगलुरु स्थित आयकर विभाग के सीपीसी को नया पिनकोड '560500' मिला.
- डॉ (सुश्री) मुकुलता विजयवर्गीय ने नई दिल्ली में इन्सोल्वेंसी एंड बैंक्रप्सी बोर्ड (आईबीबीआई) के पूर्णकालिक सदस्य के रूप में कार्यभार संभाला.
- कृषि मंत्रालय ने 2015-16 के कृषि कर्मन पुरस्कार के लिए हिमाचल प्रदेश को चुना है.
- अमेरिका-स्थित तकनीकी कंपनी सिस्को ने हरियाणा के गुरुग्राम में अपनी पांचवीं वैश्विक साइबर रेंज लैब शुरू की जिसका लक्ष्य दुनिया भर में साइबर हमले में भारतीय कंपनियों और सरकारी एजेंसियों को प्रशिक्षित करना है.
- राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने द्रौपदी पर कांग्रेस नेता एम वीरप्पा मोइली लिखित पुस्तक 'द फ्लेमिंग ट्रेसेस ऑफ द्रौपदी' का लोकार्पण किया.
- 2016-17 के दौरान प्रधान मंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के अंतर्गत बढ़ाया गया ऋण, 2016-17 के लिए 1,80,000 करोड़ रुपये के लक्ष्य को पार कर गया है.
- यूपी और केंद्र सरकार ने यूपी में 'सभी के लिए बिजली' योजना के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं.
- आरबीआई ने बैंकों की बढ़ती हुई गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) या डूबत ऋणों की समस्या को हल करने के लिए 'संशोधित प्रांप्ट सुधार क्रिया (पीसीए- Prompt Corrective Action Framework) ढांचा' नामक प्रावधानों को सक्षम करने का एक नया सेट जारी किया है.
- आयकर विभाग ने विमुद्रीकरण के बाद काले धन के सृजन का पता लगाने के उददेश्य से 60,000 से ज्यादा लोगों की जांच के लिए 'ऑपरेशन क्लीन मनी' का दूसरा चरण लॉन्च किया है.
- पीएम नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के नागपुर के पास राज्य संचालित महाजेन्को के कोरडी सुपर-क्रिटिकल थर्मल पावर प्रोजेक्ट के 1980 मेगावाट को राष्ट्र को समर्पित किया.
- नेपाल और चीन 17 अप्रैल, 2017 से पहली बार 10 दिवसीय 'सागरमाथा मित्रता-2017' नामक संयुक्त सैन्य अभ्यास का आयोजन करेंगे.

- जम्मू और कश्मीर के पूर्व राज्यपाल गिरीश चंद्र सक्सेना का 90 वर्ष की आयु में में निधन हो गया.
- पीएम नरेंद्र मोदी गुजरात की दो दिवसीय यात्रा पर हैं. उन्होंने पहले दिन सूरत में किरण मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल और डायमंड मैन्युफैक्चरिंग यूनिट, बाजीपुरा में एसयूएमयूएल (सूरत जिला सहकारी दूध उत्पादक संघ लिमिटेड) के पशु चारा संयंत्र, सिंचाई एवं पेयजल आपूर्ति योजना का उद्घाटन किया.
- नेपाल की राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंच रही हैं.
- मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह ने भ्रष्टाचार रोकने और सरकारी गतिविधियों को ट्रैक करने के लिए दो वेब एप्लीकेशन एंटी करप्शन सेल और सार्वजनिक एवं राष्ट्र द्वारा समीक्षा के लिए डिजिटल एप्लिकेशन (DARPAN - दर्पण) की शुरुआत की.
- ट्रांसजेंडर के मतदाता पंजीकरण हेतु अभियान शुरू करने वाला महाराष्ट्र पहला राज्य बना.
- वित्त मंत्रालय ने ईपीएफ पर 8.65% ब्याज दर की मंजूरी दी.
- एचआरडी मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आरयूएसए) पोर्टल और मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया.
- भारतीय रेलवे के इतिहास में पहली बार भोपाल के हबीबगंज स्टेशन को परिचालन के लिए निजी फर्म को सौंपा जायेगा.
- फ़ोर्ब्स पत्रिका की एशिया सुपरएचीवर्स अंडर 30 सूची में 50 भारतीय शामिल हैं.





- विश्व बैंक की रिपोर्ट "ग्लोबलाइजेशन बैकलैश" के अनुसार भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 2017-18 वित्तीय वर्ष में 7.2% की वृद्धि की उम्मीद है, जो पिछले वित्तीय वर्ष में 6.8% थी.
- कृषि के क्षेत्र में योगदान के लिए प्रतिष्ठित एम एस स्वामीनाथन पुरस्कार, भारत सरकार के पौधे की किस्मों के संरक्षण और किसान अधिकार प्राधिकरण के अध्यक्ष आर आर हनचिनल (R.R. Hanchinal) को दिया गया है.
- भारतीय पर्यावरण अभियंता तृप्ती जैन ने 2017 का प्रतिष्ठित 'कार्टियर महिला पहल पुरस्कार' जीता है.
- भारत के विशाखापटनम में में मध्य पूर्व पर ब्रिक्स दूतों की बैठक संपन्न हुई. यह ब्रिक्स दूतों की भारत में पहली बैठक थी.
- गूगल ने भारतीय बाजार के लिए एयरो नामक एक नया भोजन वितरण और गृह सेवा एग्रीगेटर लॉन्च किया है.
- दुनिया की सबसे वृद्ध व्यक्ति इटली की एम्मा मोरानो का 117 वर्ष की आयु में निधन हो गया.
- लेखक अर्जुन गैंड ने अपनी नवीनतम पुस्तक 'पंजाब: बिल्डिंग द लैंड ऑफ़ फाइव रीवर्स' जारी की.

- साई प्रणीत ने सिंगापुर ओपन बैडमिंटन में के श्रीकांत को हराकर पुरुष एकल खिताब पर कब्जा किया.
- 16 बार के विश्व चैंपियन पंकज अडवाणी ने अपना छठा एशियन बिलियर्ड्स ख़िताब और कुल सातवाँ एशियाई चैंपियनशिप जीता.
- प्रतिवर्ष 18 अप्रैल को आईसीओएमओएस (स्मारक और साइट्स के लिए अंतर्राष्ट्रीय परिषद्), स्मारक और साइट्स के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस (जिसे विश्व विरासत दिवस भी कहा जाता है) मनाता है. 2017 में, इसका थीम (विषय) "सांस्कृतिक विरासत और सतत पर्यटन" है.
- रेल मंत्री सुरेश प्रभु ने 'विस्टाडोम' कोचों को हरी झंडी दिखाई जिसमें शीशे की छत, एलईडी लाइट्स और घूमने वाली सीटें हैं.
- राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने नई दिल्ली में केम्पेगौड़ा उत्सव का उद्घाटन किया.
- भेल ने महाराष्ट्र में रतन इंडिया नासिक पावर लिमिटेड की 270 मेगावाट की दो इकाइयों को सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया.
- रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) को 'सबसे तेजी से बढ़ते संगठन-मिनिरत्न' श्रेणी के तहत हिंदुस्तान पीएसयू पुरस्कार प्राप्त हुआ है.
- अपने स्थापना दिवस पर, पंजाब नेशनल बैंक ने तीन नए उत्पादों स्वचालित इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह, एक क्रेडिट कार्ड मोबाइल ऐप और छत सौर ऊर्जा परियोजना की शुरुआत की.
- इंट्रा-डे ट्रेडिंग में मार्केट कैपिटलाइजेशन (एम-कैप) के मामले में ओएनजीसी को पछाड़कर एसबीआई सबसे मूल्यवान पीएसयू स्टॉक बना.
- लिथियम आयन बैटरी विकसित करने के लिए इसरो-भेल ने करार किया.
- फिलीपीन के राष्ट्रपति ड्यूटेटे ने टाइम 100 रीडर्स पोल जीता.
- राष्ट्रीय बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद की बेटी गायत्री पुलेला ने जकार्ता में पीम्बांगुन जया राया जूनियर ग्रां प्री में युगल एवं एकल दोनों ख़िताब जीते.
- सेबेस्टियन वेट्टेल (फेरारी) ने लेविस हैमिल्टन (मर्सिडीज) को हराकर बहरीन ग्रांड प्रिक्स 2017 जीता.
- उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने गोरखपुर और आगरा के हवाई अड्डों के नाम के साथ-साथ विशेष रूप से अक्षम लोगों के कल्याण विभाग का नाम बदलने का निर्णय लिया. गोरखपुर वायुसेना स्टेशन का नाम, महायोगी गोरखनाथ हवाई अड्डा और आगरा हवाई अड्डा का नाम पंडित दीन दयाल उपाध्याय हवाई अड्डा रखा जायेगा.
- राजस्थान सरकार और एचपीसीएल ने जयपुर में बाड़मेर रिफाइनरी के लिए 43,129 करोड़ रु के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए.
- तमिलनाडु के सीएम ने भारतीय नौसेना के स्वदेश निर्मित 'पी15ए निर्देशित मिसाइल विध्वंशक', आईएनएस चेन्नई को चेन्नई शहर को सौंपा.
- 2017 ए.टी. केअरनी विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) विश्वास सूचकांक में भारत एक स्थान की छलांग लगाकर 8वें स्थान पर पहुंच गया है.
- आरबीआई ने जम्मू कश्मीर (जम्मू) और छतीसगढ़ (रायपुर) में राज्य के लिए बैंकिंग लोकपाल के दो नए कार्यालय स्थापित किए.
- आरबीआई ने "सुपरवाइजरी कोऑपरेशन एंड एक्सचेंज ऑफ सुपरवाइजरी इनफार्मेशन" पर भूटान के रॉयल मोनेटरी अथॉरिटी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं.
- बाजार नियामक सेबी ने यूजर-फ्रेंडली सुविधाओं के साथ अपनी वेबसाइट को पुनः लांच किया.
- आईसीआईसीआई बैंक डाटा सेंटर देश का पहला आईजीबीसी प्लैटिनम रेटेड प्रोजेक्ट बना.

- एलआईसी ने विनय शाह को एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस का नया एमडी और सीईओ नियुक्त किया.
- तेदेपा के नेता और आंध्र प्रदेश के पूर्व मंत्री देवीनेनी राजशेखर का हैदराबाद में निधन हो गया.
- मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य में स्थापित रीवा अल्ट्रा मेगा सौर परियोजना से उत्पन्न 24 प्रतिशत बिजली की आपूर्ति के लिए दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के साथ बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं. शेष बिजली राज्य को आपूर्ति की जाएगी.
- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने 2017 में विश्व अर्थव्यवस्था के लिए अनुमानित वृद्धि की तुलना में मामूली रूप से अधिक 3.5 प्रतिशत का अनुमान लगाया है. आईएमएफ ने अनुमान लगाया है कि 2017 में दुनिया की अर्थव्यवस्था 3.5% की रफ्तार से बढ़ेगी जो कि 2016 में 3.1% थी, जबकि 2018 में इसकी वृद्धि दर 3.6% हो जाएगी.
- 2017 ब्रिक्स फिल्म महोत्सव का आयोजन दक्षिण-पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत के चेंगदू में आयोजित किया गया.
- टाटा मोटर्स की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी टीएएल मैन्युफैक्चरिंग सॉल्यूशंस, ने भारत के पहले औद्योगिक-कलात्मक रोबोट को लॉन्च किया है जिसका नाम "ब्रॉबो" (BRABO) है.
- आरबीआई ने बैंकों को रियल एस्टेट इनवेस्टमेंट ट्रस्ट (REITs) या इन्फ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट ट्रस्ट्स (InvITs) की यूनिट कैपिटल के 10% तक निवेश करने की अनुमति दी है. REITs/InvITs के लिए बैंकों का निवेश शेयरों में प्रत्यक्ष निवेश, परिवर्तनीय बॉन्ड्स/डिबेंचर, इक्विटी उन्मुख म्यूचुअल फंडों की इकाइयों और वेंचर कैपिटल फंड्स (वीसीएफ) के लिए निर्धारित शुद्ध मूल्य के 20% की समग्र सीमा के भीतर होगा.
- लेखक पेरुमल मुरुगन के उपन्यास माथोरुबहगान (वन पार्ट वीमेन) के अंग्रेजी अनुवाद ने अंग्रेजी 2016 में अनुवाद के लिए साहित्य अकादमी का पुरस्कार जीता है. ये अनुवाद अनिरुद्धन वासुदेवन ने किया और पेंगुइन ने इस पुस्तक को प्रकाशित किया.
- बैंगलोर स्थित सागर बहेती ऐतिहासिक बोस्टन मैराथन को पूरा करने वाले पहले दृष्टिहीन भारतीय धावक बन गए हैं जो दुनिया की सबसे पुरानी और सबसे कठिन मैराथन मानी जाती है. बहेती ने लगभग चार घंटे में लगभग 42.16 किलोमीटर दूरी पूरी की.
- केंद्रीय गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में दो दिवसीय 11वें सिविल सेवा दिवस कार्यक्रम (20-21 अप्रैल) का उद्घाटन किया. प्रतिवर्ष 21 अप्रैल को भारत में सिविल सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है.
- इस्पात उद्योग पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मलेन एवं प्रदर्शनी 'इंडिया स्टील 2017' का तीसरा संस्करण का आयोजन मुंबई के मुंबई प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित किया गया. इसका उद्घाटन केंद्रीय इस्पात मंत्री चौधरी बिरेंद्र सिंह ने किया.
- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और पेटीएम के संस्थापक विजय शेखर शर्मा केवल दो भारतीय हैं, जिन्हें टाइम पत्रिका द्वारा जारी 'दुनिया के 100 सर्वाधिक प्रभावशाली लोगों' की वार्षिक सूची में स्थान मिला है.
- टाटा पावर ने अजमेर विद्युत् वितरण निगम लिमिटेड (एवीवीएनएल) के साथ 20 साल के लिए अजमेर में बिजली वितरण के लिए एक समझौता किया है. अजमेर सर्कल के वितरण मताधिकार के लिए बोली जीतने के बाद, टाटा पावर ने स्पेशल पर्पज कंपनी (एसपीसी), टीपी अजमेर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड बनाई.
- 2017 में संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय वेसक दिवस के 14वें संस्करण की मेजबानी श्रीलंका द्वारा की जाएगी. यूएन वेसक दिवस में मुख्य अतिथि भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी होंगे. इस वर्ष इसकी थीम (विषय) 'सामाजिक न्याय और स्थायी विश्व शांति के लिए बौद्ध शिक्षाएं' हैं.
- मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने प्रवासियों और शरणार्थियों का जीवन बचाने की प्रतिबद्धता के लिए, इटली की महापौर

गियुसेपिनिया निकोलिनी को अपने शांति पुरस्कार से सम्मानित किया है.

- मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने बाजार पूंजीकरण के रूप में भारत की सबसे मूल्यवान फर्म के रूप में अपनी स्थिति वापस ले ली. आरआईएल ने टाटा समूह के मुकुट टीसीएस को पीछे छोड़ दिया. टीसीएस ने चार साल पहले सबसे ज्यादा मूल्यवान फर्म के रूप में आरआईएल को पछाड़ दिया था.
- मंगोलिया ने अपने पहला उपग्रह, मंगोल SAT-I का प्रक्षेपण किया. यह एक 1227 मेगाहर्ट्ज़ का उपग्रह है. यह उपग्रह एशिया ब्रॉडकास्ट उपग्रह (ABS) के साथ साझेदारी में प्रक्षेपित किया गया है.




- ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) ने 2022 एशियाई खेलों में वीडियो गेमिंग को पूर्ण खेल के रूप में घोषित किया है, जो 2022 से चीन के हांग्जो में आयोजित होना तय है.
- पूरे विश्व में पर्यावरण की रक्षा के संदेश के साथ 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया. 2017 के लिए पृथ्वी दिवस अभियान का थीम (विषय) 'पर्यावरण और जलवायु साक्षरता' है.
- विधि मंत्री रविशंकर प्रसाद ने न्याय विभाग की तीन कल्याणकारी पहलों का उद्घाटन किया. यह सेवायें है:- प्रो-बोनो-कानूनी-सेवा, टेली-लॉ सेवा, न्याय मित्र परियोजना.
- केंद्रीय बिजली, कोयला, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री पियूष गोयल और इंडोनेशिया के ऊर्जा एवं खनिज संसाधन मंत्री इग्नासियास जोनन, जकार्ता में पहला भारत इंडोनेशिया ऊर्जा फोरम मीटिंग हुई.
- जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (GIC Re), गुजरात इंटरनैशनल फायनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) में भारत का पहला अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) कार्यालय खोलने वाला पहला पुनर्बीमाकर्ता बन गया है.
- भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंक ऑफ गुयाना के साथ "सुपरवाइजरी कोऑपरेशन एंड सुपरवाइजरी इंफॉर्मेशन ऑफ एक्सचेंज" पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए.
- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने जंगल की आग की स्थिति में तैयारियों और प्रतिक्रिया तंत्र में सुधार करने में मदद करने के लिए उत्तराखंड में वनों की आग पर अपना पहला अभ्यास (mock exercise) किया. यह अभ्यास इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम (आईआरएस) के सिद्धांत पर किया गया था.
- भारत और दक्षिण कोरिया ने जहाज निर्माण यार्ड्स के बीच रक्षा उद्योग सहयोग के लिए अंतर-सरकारी समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं. यह समझौता ज्ञापन केंद्र सरकार की 'मेक इन इंडिया' की पहल का हिस्सा है.
- वयोवृद्ध पत्रकार नोरा चोपड़ा का अंग संचालन बंद होने के कारण 64 वर्ष की आयु में निधन हो गया. एक वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार थी.
- 24 अप्रैल को पूरे देश में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के रूप में मनाया जाता है.
- 23 अप्रैल 2017 को विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस (WBCD) के रूप में मनाया गया. 2017 के लिए गिनी की राजधानी कोनेक्री (Conakry) को विश्व पुस्तक राजधानी चुना गया है.
- हरियाणा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) ने पूर्व और प्रसवपूर्व देखभाल, संस्थागत वितरण, और प्रतिरक्षण के महत्व पर गर्भवती महिलाओं, माता-पिता और स्वास्थ्य कर्मियों के

बीच जागरूकता पैदा करने के लिए मोबाइल पर आधारित एक एप्लिकेशन 'किलकारी' लॉन्च किया.

- हरे कवर को विस्तारित करने की दिशा में, महाराष्ट्र सरकार ने हाल ही में भारतीय रेलवे के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जिसके अंतर्गत राज्य में रेलवे पटरियों के निकट भूमि पर पेड़ लगाए जाएंगे.
- चीन और ईरान ने ईरान के अराक रिएक्टर के पुनर्निर्माण पर पहला समझौता किया है.
- प्रसिद्ध अभिनेत्री मौशमी चटर्जी को 80वें बंगाल फिल्म पत्रकार संघ (BFJA) पुरस्कारों में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया.
- बॉलीवुड फिल्म "न्यूटन" ने हांगकांग अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में सर्वश्रेष्ठ फिल्म सम्मान जीता है. इस फिल्म के मुख्य अभिनेता राज कुमार राव हैं.
- एसएसपी चौरसिया और अदिति अशोक दूसरे गोल्फ उद्योग संघ (जीआईए) पुरस्कार 2017 के विजेताओं में शामिल हैं.
- 2018 में जकार्ता और पालमबांग में खेले जाने वाले एशियाई खेलों की कार्यक्रम सूची से क्रिकेट को बाहर कर दिया गया है. क्रिकेट के अलावा, स्केटबोर्डिंग, सांबो और सर्फिंग वे अन्य खेल हैं जिन्हें कार्यक्रम से हटा दिया गया है ताकि इंडोनेशियन आयोजकों पर बोझ कम हो सके.
- राफेल नडाल ने मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट 2017 का पुरुष एकल खिताब जीता है. उन्होंने मोनाको में अल्बर्ट विनोलस को हराकर यह ख़िताब अपने नाम किया.
- विश्व मलेरिया दिवस विश्व भर में प्रति वर्ष 25 अप्रैल को मनाया गया. यह विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा आयोजित किया जाता है. विश्व मलेरिया दिवस के लिए इस साल की वैश्विक थीम 'End Malaria for Good' है.
- भारत ने लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के दुनिया के दुसरे सबसे बड़े आयातक के रूप में जापान का ग्रहण किया. यह परिणाम 'सुरक्षित रसोई' के लिए राष्ट्र के कठोर प्रयास का नतीजा है. चीन दुनिया के सबसे बड़ा एलपीजी आयातक के रूप में शीर्ष स्थान पर है.




- स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार 2016 में भारत का सैन्य व्यय 8.5 प्रतिशत बढ़कर 55.9 अरब डॉलर के साथ दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा व्ययकर्ता बन गया है.
- आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट ने मुंबई को अरब सागर के प्रसिद्ध एलीफांटा आइलैंड के साथ जोड़ने के लिए भारत का पहला और सबसे लंबा रोपवे बनाया है.
- भारतीय नौसेना ने भूमध्य सागर में फ्रेंच नौसेना के साथ एक संयुक्त समुद्री अभ्यास शुरू कर दिया है ताकि दोनों नौसेनाओं के बीच युद्ध समन्वय को बनाया जा सके.
- भारतीय स्टेट बैंक और रियल एस्टेट डेवलपर्स संस्था सीआरडीएआई (रिअल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया) के परिसंघ ने रियल्टी क्षेत्र के विकास की दिशा में विभिन्न पहलों को संयुक्त रूप से संचालित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं. यह समझौता ज्ञापन 3 वर्षों की अवधि के लिए लागू होगा.
- प्रसिद्ध दिग्दर्शक और अभिनेता कासिनातुनी विश्वनाथ ने फिल्म उद्योग में अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए वर्ष 2016 का दादा साहब फाल्के पुरस्कार जीता है. वह इस पुरस्कार के 48 वें प्राप्तकर्ता है

- ओडिशा के शीर्ष पर्यावरण कार्यकर्ता प्रफुल्ल सामंतारा को राज्य के डोंगरिया कोंध आदिवासियों के समर्थन और उनकी भूमि और संस्कृति की सुरक्षा के लिए एशिया क्षेत्र से गोल्डमैन पर्यावरण पुरस्कार 2017 (जिसे ग्रीन नोबल भी कहा जाता है) के लिए चुना गया है.
- भारतीय शॉट पुटर मनप्रीत कौर ने चीन के जिंहुआ में एशियाई ग्रां प्रिक्स एथलेटिक्स मीट के पहले चरण में स्वर्ण पदक जीता है.
- 26 अप्रैल को, विश्व बौद्धिक संपदा दिवस (WIP) मनाया गया.
- त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक सरकार ने सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी को निर्यात करने, रोजगार और ई-शासन को बढ़ावा देने के लिए पूर्वोत्तर भारत की सबसे बड़े सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) हब का उद्घाटन अगरतला में किया. इससे राष्ट्रीय पहल जैसे डिजिटल भारत और स्टार्ट-अप इंडिया को बढ़ावा मिलेगा.
- भारत और श्रीलंका ने आर्थिक सहयोग पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं. पीएम नरेंद्र मोदी और नई दिल्ली में श्रीलंका के प्रधान मंत्री रानिल विक्रमसिंघे की उपस्थिति में इस समझौते का आदान-प्रदान किया.
- गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) में (गांधीनगर में) मानद वाणिज्य दूतावास कार्यालय खोलने वाला, बेल्जियम पहला देश बन गया है.
- येरेवन, आर्मेनिया में उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी और अर्मेनियाई प्रधान मंत्री करेन करापेटीन की एक द्विपक्षीय बैठक के बाद भारत और अर्मेनिया समझौता किया.
- निजी क्षेत्र के ऋणदाता यस बैंक ने पैसाबाज़ार.कॉम के साथ गठबंधन की घोषणा की जिसके तहत बैंक बाद के मौजूदा ग्राहकों को सशर्त स्वीकृत ऋण प्रदान करेगा.
- वाइट हाउस ने एक सेवानिवृत्त समुद्री मेजर जनरल रैंडोल्फ एलेस को गुप्त सेवा के नए निदेशक के रूप में नियुक्त किया किया है.
- देश के किसी भी विश्वविद्यालय के सबसे युवा चांसलर, दिलीप के. नायर ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए केरल के त्रिवेन्द्रम में डॉ बाबासाहेब अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय फाउंडेशन पुरस्कार जीता है.
- इंटरनेशनल रोड फेडरेशन (आईआरएफ) के अनुसार भारत नवंबर, 2017 में 18वें वर्ल्ड रोड मीटिंग की (डब्ल्यूआरएम 2017) की मेजबानी करेगा. इस साल के संस्करण का विषय है 'Safe Roads and Smart Mobility: The Engines of Economic Growth',डब्ल्यूआरएम हर चार साल में आयोजित किया जाता है.
- अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के ग्राहकों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने और सेवा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए, ऑनलाइन लेनदेन विवरण देखने की सुविधा (ई-एसओटी) और ई-स्थायी रिटायरमेंट अकाउंट नंबर (ई-पीआरएएन कार्ड) को लांच किया गया.
- स्वच्छ भारत मिशन के तहत पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय की एक पहल स्वच्छ आइडेंक प्लेस (एसआईपी) की दूसरी तिमाही समीक्षा बैठक, हाल ही में माता वैष्णो देवी श्राइन, जम्मू और कश्मीर के कटरा में आयोजित की गई.
- भारत ने ओडिशा तट पर अब्दुल कलाम द्वीप से 3,000 किलोमीटर दूरी की अग्नि -III बैलिस्टिक मिसाइल का एक नया प्रयोक्ता परीक्षण किया गया.
- भारत की पहली महिला अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति की सदस्य नीता अंबानी को वैश्विक खेल प्रशासनिक संगठन के दो महत्वपूर्ण कमीशनों के लिए यह पद पर नियुक्त किया गया, जिसमें प्रतिष्ठित ओलंपिक चैनल भी शामिल है.
- नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने वानाका, न्यूजीलैंड से अपने फुटबॉल-स्टेडियम-के आकार के, भारी-भार सुपर-प्रेशर बलून (एसपीबी) का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया.
- श्रृष्टि कौर को मिस टीन यूनिवर्स 2017 का पुरस्कार दिया गया है.

- भारत के पांचवें सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक, येस बैंक को 'प्रतिष्ठित 'गोल्डन पीकॉक इनोवेटिव प्रोडक्ट/सर्विस अवार्ड 2017' (वित्तीय क्षेत्र बैंकिंग में) से सम्मानित किया गया है.
- वयोवृद्ध अभिनेता विनोद खन्ना का मुंबई में निधन हो गया है. वह कई वर्षों तक कैंसर से जूझ रहे थे. वह एक सक्रिय राजनीतिज्ञ और पंजाब के गुरदासपुर से संसद के सदस्य थे.
- भारत और साइप्रस ने नई दिल्ली में हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस एनास्टेसियड्स के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं.
- ओडिशा की राजधानी शहर, भुवनेश्वर, पियरे एल एंफैंट प्लानिंग एक्सिलेंस एंड अचीवमेंट अवार्ड-2017 जीतने वाला पहला भारतीय शहर बन गया है.
- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने आंख के ट्यूमर के उपचार के लिए प्लेक ब्रेचीथेरेपी सुविधा शुरू करने वाला भारत का पहला सार्वजनिक अस्पताल बन गया.
- हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने फरीदाबाद में, बल्लभगढ़ शहर का नाम बदलकर बलरामगढ़ करने की घोषणा की.




- भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के आदेश पर स्पेस एप्लीकेशन सेंटर (एसएसी), इसरो, अहमदाबाद द्वारा सौर ऊर्जा क्षमता की गणना के लिए एक एंड्रॉइड ऐप 'सौर कैलकुलेटर' विकसित किया.
- मिस्र में भारतीय सांस्कृतिक केंद्र ने मिस्र निवासियों तक पहुंचने के लिए भारत की खिड़की के रूप में सेवा देते हुए, द्विपक्षीय संबंधों को बनाए रखने और मजबूत बनाने के उद्देश्य से एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया. इस आयोजन का शीर्षक ''सांस्कृतिक त्योहार - भारत और मिस्र के बीच का पुल' है.
- पेय प्रमुख कोका-कोला कंपनी ने अपने भारत और दक्षिण पश्चिम एशिया व्यापार और हिंदुस्तान कोका-कोला बोटलिंग (एचसीसीबी) संचालन के लिए प्रमुख नेतृत्व परिवर्तन की घोषणा की. वे भारत और दक्षिण पश्चिम एशिया व्यापार इकाई के प्रेसिडेंट नियुक्त किया. उन्होंने वेंकटेश किनी का स्थान लिया है.
- जियाक्सिंग, चीन में एशियाई ग्रां प्री एथलेटिक्स मीट के दूसरे चरण में भारत ने छह पदक जीते.
- ऑस्कर विजेता अमेरिकी निर्देशक जोनाथन डेम्मी का न्यूयॉर्क में निधन हो गया. वह 73 वर्ष के थे. उन्होंने दि साइलेंस ऑफ़ दि लैम्ब्स और फिलाडेल्फिया जैसी फ़िल्में बनाई थीं.
- अपनी स्ट्राबेरी के लिए प्रसिद्ध महाराष्ट्र का भिलर गाँव भारत का पहला पुस्तक गाँव बन जाएगा, यह गाँव जल्द ही दुर्लभ मराठी पुस्तकें एवं पत्रिकाएं पढ़ने के लिए उपलब्ध करायेग.
- केरल के तिरूवनंतपुरम में देश की पहली ट्रांसजेन्डर एक दिवसीय एथलेटिक मीट आयोजित की गयी जिसमें 12 जिलों के 132 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया.
- ओडिशा से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने 10वीं मॉस्को रेत कला चैम्पियनशिप में जूरी पुरस्कार स्वर्ण पदक जीता. इस प्रतियोगिता का थीम "हमारे आसपास की दुनिया" था.
- फ़ोर्स इंडिया अकैडमी के 18 वर्षीय जेहन दारुवाला, एफआईए फॉर्मूला 3 यूरोपियन चैम्पियनशिप में पोल पोजीशन पाने वाले पहले भारतीय बन गए हैं.